सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆छठ-पूजा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु यातायात व्यवस्था के दृष्टीगत जनपद सिद्धार्थनगर में वाहनों का रुट डायवर्जन।

◆दिनांक-15.11.2026 को समय 14.00 बजे से 20.00 बजे व 16.11.2026 समय 03.00 बजे से 08.00 बजे तक निम्नानुसार किया जायेगा-

01.ऐसे बड़े वाहन (जैसे- ट्रक,बस,डीसीएम) जो फरेन्दा,जगमोहनी,उसका से आ रहे है और मोहाना व कपिलवस्तु की तरफ जाना चाहते हैं,ऐसे वाहन पकडी -सनई -चिल्हिया(भगत सिंह चौक) से वर्डपुर(मेखडवा तिराहा) होते हुए अपने गन्तव्य को जायेगें।

02. ऐसे बडे वाहन (जैसे- ट्रक,बस,डीसीएम) जिनको मोहाना, कपिलवस्तु से उसका, फरेन्दा व गोरखपुर की तरफ जाना चाहते हैं, वे वाहन वर्डपुर(मेखडवा तिराहा)-चिल्हिया(भगत सिंह चौक) -सनई-पकडी होते हुए अपने गन्तव्य को जायेगें।

03.ऐसे बड़े वाहन (जैसे- ट्रक,बस,डीसीएम) जो कपिलवस्तु, मोहाना से आ रहे हैं,और शोहरतगढ, बढ़नी व बलरामपुर की तरफ जाना चाहते हैं, वे वाहन वर्डपुर (मेखड़वा तिराहा) –चिल्हिया(भगत सिंह चौक) होते हुए जायेगें।

04.ऐसे बडे वाहन (जैसे- ट्रक,बस,डीसीएम) जो बढनी, शोहरतगढ़ से आ रहे हैं और कपिलवस्तु, मोहाना की तरफ जाना चाहते हैं, वे वाहन चिल्हिया(भगत सिंह चौक) -बर्डपुर (मेखडवा तिराहा)होते हुए अपने गन्तव्य को जायेगें।

05.ऐसे बडे वाहन (जैसे- ट्रक,बस,डीसीएम) जो बस्ती,डिड़ई,बाँसी से आ रहे हैं एवं बर्डपुर-मोहाना की तरफ जाना चाहते है वे वाहन सनई-चिल्हिया (भगत सिंह चौक)-वर्डपुर (मेखडवा तिराहा)होते हुए अपनें गन्तव्य को जायेगें।

06.ऐसे बडे वाहन (जैसे- ट्रक,बस,डीसीएम) जो बर्डपुर, मोहाना, कपिलवस्तु से आ रहे हैं, जिनको बाँसी, बस्ती की तरफ जाना चाहते हैं, वे वाहन (मेखडवा तिराहा)वर्डपुर-चिल्हिया(भगत सिंह चौक)-सनई होते हुए अपने गन्तव्य को जायेगें।

07.जमुआर नाला पुल के दोनों तरफ से आनें वाले सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णरुप सें प्रतिबन्धित रहेगा।

नोट- आवश्यक सेवा वाहन एवं आकस्मिक सेवा वाहनों पर उपरोक्त डायवर्जन लागू नही होगा|

प्रभारी निरीक्षक यातायात
जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना उसका बाजर पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के 04 आरोपीयों को न्यायालय उठने तक की सजा व प्रत्येक को ₹1,000-1,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 13.11.2026 को एनसीआर नं0 3711/2020, मु0अ0सं0-83/2019 धारा-323,504 भा0द0वि0 थाना उसका बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री आदेश कुमार श्रीवास्तव न्यायालय एसीजे (जे0डी0)-I जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्तगण 01. चन्द्रवाती पत्नी महेश 02.सोनी पत्नी रमेश 03.रीता पत्नी गनेश 04.विधना पत्नी बहादुर निवासीगण चनरैया थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक की सजा व प्रत्येक को ₹1,000-1,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी मोनू सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ यातायात माह-2026 के 14वें दिवस पर पुलिसकर्मियों को दिया गया प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण एवं वाहन चालकों का कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश, प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व, राजकुमार सिंह क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण एवं अजय कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक यातायात के कुशल नेतृत्व में यातायात माह-2026 के 14वें दिवस पर जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से यातायात पुलिस एवं नागरिक पुलिस के अधिकारी/कर्मचारिगण को प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) का प्रशिक्षण प्रदान कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान सड़क दुर्घटना अथवा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में घायल व्यक्तियों को तत्काल प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। तथा वाहन चालकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस लाइन सभागार में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें वाहन चालकों के ब्लड प्रेशर (बीपी), कान एवं आंखों की दृष्टि (आई साइट) की जांच कराई गई। साथ ही वाहन चालकों को स्वस्थ रहने एवं वाहन चलाते समय शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं सतर्क रहने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान यातायात प्रभारी द्वारा सभी वाहन चालकों से अपील की गई कि वाहन चलाते समय अपनी शारीरिक एवं मानसिक स्थिति का विशेष ध्यान रखें तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इस अवसर पर माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय सिद्धार्थनगर से चिकित्साधिकारी डॉ0 राहुल रस्तोगी, ऑप्टोमेस्ट्री से डॉ0 बाबूलाल, ऑडियोलॉजीस्ट श्री बृजदीप एवं ट्रैफिक व जनपद पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे |

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 शक्ति दीदी, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के तहत थाना शिवगनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सेमरी की महिलाओं/बालिकाओं को गुड़ टच-बैड़ टच, साइबर अपराध व महिला अपराध के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 14/11/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना शिवगनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के सम्बन्ध में थानाक्षेत्र के ग्राम सेमरी की महिलाओं/बालिकाओं को गुड़ टच-बैड़ टच, साइबर अपराध व महिला अपराध के सम्बन्ध में जागरुक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं के सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम थाना शिवगनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगरः-

01.उ0नि0 राजीव जी भट्ट

02.म0हे0का0 नीलम शुक्ला

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मुख्य विकास अधिकारी (प्रभारी जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर) द्वारा लोहिया कला भवन में बैठक कर सम्बन्धित को दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश।

आज दिनांक 14.11.2026 को डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मुख्य विकास अधिकारी (प्रभारी जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर) द्वारा लोहिया कला भवन में आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत बैठक किया गया। चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस अधिकारियों के साथ क्रिटिकल बल्नरेबिल मैपिंग के सम्बन्ध मे चर्चा करते हुए, जनपद के सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने, मतगणना स्थलों के भौतिक सत्यापन व बाहर से आने वाले फोर्स के रूकने के स्थानों पर सुविधाओं आदि बिन्दुओं पर चर्चा किया गया तथा कमियों को यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उक्त गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, उपजिलाधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, चुनाव सेल प्रभारी व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ प्रथम 'वामा खेलोत्सव' के तहत आयोजित खेल प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त करने पर वामा सारथी, उ०प्र० पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस परिवार के बच्चो को प्रदान कर सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया।

वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस परिवार के कल्याण हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाते है। जिसके क्रम में प्रथम 'वामा खेलोत्सव' के तहत वामा सारथी, उ०प्र० पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर के पुलिस परिवार के 03 बच्चो को पशस्ति पत्र दिया गया। जो 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मुख्य आरक्षी प्रवीन शुक्ला की पुत्री आरोही शुक्ला (अवकाश होने के कारण सम्मानित नही किया जा सका) व गोलाफेक प्रतियोगिता में आरक्षी मुकेश गौड़ के पुत्र देव तथा 40 मीटर दौड़ प्रतियोगिता मे मुख्य आरक्षी मंजू के पुत्री सौम्या द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने पर वामा सारथी, उ०प्र० पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा प्रदान कर सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆छठ पर्व के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज के साथ थाना क्षेत्र डुमरियागंज के छठ घाट का निरीक्षण किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

त्यौहार छठ पूजा के दृष्टिगत छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के सुरक्षार्थ व कानून-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 14.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज के साथ डुमरियागंज थानाक्षेत्र में छठ घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर छठ घाट के आसपास पानी की गहराई का आकलन करवाकर गहरे पानी वाले क्षेत्रों में बांस का घेराव, आवागमन के मार्गो, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था इत्यादि का गहन निरीक्षण किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆छठ पर्व के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा प्रभारी निरीक्षक बांसी के साथ थाना क्षेत्र बांसी के राप्ती तट पर बने छठ घाट का निरीक्षण किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

त्यौहार छठ पूजा के दृष्टिगत छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के सुरक्षार्थ व कानून-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 14.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा प्रभारी निरीक्षक बांसी के साथ बांसी थानाक्षेत्र में राप्ती नदी के किनारे बने छठ घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर छठ घाट के आसपास पानी की गहराई का आकलन करवाकर गहरे पानी वाले क्षेत्रों में बांस का घेराव, आवागमन के मार्गो, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था इत्यादि का गहन निरीक्षण किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆छठ पर्व के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थानाध्यक्ष चिल्हिया के साथ थाना क्षेत्र के छठ घाट का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा कस्बा चिल्हिया में पैदल गश्त किया गया।

त्यौहार छठ पूजा के दृष्टिगत छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के सुरक्षार्थ व कानून-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 14.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा पवन कुमार मौर्य थानाध्यक्ष चिल्हिया के साथ थानाक्षेत्र में छठ घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर छठ घाट के आसपास गहरे पानीवाले क्षेत्रों में बांस का घेराव, आवागमन के मार्गो, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था इत्यादि का गहन निरीक्षण किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा कस्बा चिल्हिया में पैदल गश्त किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆बाल दिवस के अवसर पर 'वामा सारथी' के तत्वावधान में रिजर्व पुलिस लाइन्स, सिद्धार्थनगर में पुलिस परिवार के बच्चों हेतु विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया-

आज दिनांक 14.11.2026 को 'बाल दिवस' के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, सिद्धार्थनगर में पुलिसकर्मियों के बच्चों के सर्वांगीण विकास, उत्साहवर्धन एवं मनोरंजन हेतु विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं जिसमें 40 मीटर, 50 मीटर, व 100 मीटर दौड़ एवं खोखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिताओं में पुलिस परिवार के बच्चों ने अत्यंत उत्साह एवं खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के समापन के उपरांत सभी खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजयी बच्चों को पुरस्कार एवं अन्य बच्चो को भी पुरस्कार वितरित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस परिवार के बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना, शारीरिक दक्षता को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें एक सकारात्मक एवं आनंदमय वातावरण प्रदान करना है।

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆छठ पर्व के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा क्षेत्राधिकारी बांसी व प्रभारी निरीक्षक बांसी के साथ थाना क्षेत्र बांसी के राप्ती तट पर बने छठ घाट का निरीक्षण किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

त्यौहार छठ पूजा के दृष्टिगत छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के सुरक्षार्थ व कानून-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 14.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी व प्रभारी निरीक्षक बांसी के साथ बांसी थानाक्षेत्र में राप्ती नदी के किनारे बने छठ घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर छठ घाट के आसपास पानी की गहराई का आकलन करवाकर गहरे पानी वाले क्षेत्रों में बांस का घेराव, आवागमन के मार्गो, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था इत्यादि का गहन निरीक्षण किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆छठ पर्व के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ के साथ थाना क्षेत्र के छठ घाट का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

त्यौहार छठ पूजा के दृष्टिगत छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के सुरक्षार्थ व कानून-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 14.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा शेषमणि पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ के साथ थानाक्षेत्र में छठ घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर छठ घाट के आसपास गहरे पानीवाले क्षेत्रों में बांस का घेराव, आवागमन के मार्गो, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था इत्यादि का गहन निरीक्षण किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना कपिलवस्तु पुलिस व SSB की संयुक्त टीम द्वारा प्रतिबन्धित नशीली दवाओं के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

◆अभियुक्त के कब्जे से 236 अदद SPASMONAM- PLUS कैप्सूल (कुल वजन 148.05 ग्राम) व एक अदद मोबाईल फोन ओपो A6X5G , एक अदद हीरो स्पेलण्डर प्लस मोटर साइकिल व 894 रुपया भारतीय व ड्राइविंग लाइसेन्स बरामद।

डॉ0 अभिषेक महाजन , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद , अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन पर व विश्वजीत सौरयान ,क्षेत्राधिकारी सदर सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में विनय प्रताप सिंह थानाध्यक्ष थाना कपिलवस्तु के नेतृत्व मे थाना कपिलवस्तु पुलिस व SSB की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक 14.11.2026 को अपराध एवं अपराधियों व नारकोटिक्स के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत रोकथाम अवैध तस्करी रोकथाम में मझौली सागर के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र राममिलन ग्राम अमवा पोस्ट परसा बेलहरी बर्डपुर नं0 05 थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 41 वर्ष जाति प्रजापति (कोहार) को प्रतिबंधित नशीली गोली 236 अदद SPASMONAM- PLUS कैप्सूल व एक अदद मोबाईल फोन ओपो A6X5G ,एक अदद हीरो स्पेलण्डर प्लस मो0सा0 रजि0 नं0 UP 55 U3335 व 894 रुपया भारतीय व ड्राइवरी लाइसेन्स नं0 A-633099 के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 74/2026 धारा 8/21 NDPS Act पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

01.संतोष कुमार पुत्र राममिलन ग्राम अमवा पोस्ट परसा बेलहरी बर्डपुर नं0 05 थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 41 वर्ष जाति प्रजापति (कोहार)।

बरामदगी का विवरणः-

01.एक अदद पारदर्शी डिब्बा में सील सर्वमोहर नशीली गोली 236 अदद SPASMONAM- PLUS कैप्सूल कुल वजन 148.05 ग्राम।

02.एक अदद मोबाईल फोन ओपो A6X5G।

03.एक अदद हीरो स्पेलण्डर प्लस मो0सा0 रजि0 नं0 UP 55 U3335।

04. 894 रुपया भारतीय। 05. ड्राइवरी लाइसेन्स नं0 A-633099।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1.उ0नि0 संदीप यादव थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

2.उ0नि0 सामान्य कमल किशोर SSB 43 बटालियन सी कम्पनी अलीगढवा।

3.आरक्षी सामान्य दीपक कुमार कन्नौजिया SSB 43 बटालियन सी कम्पनी अलीगढवा।

4.आरक्षी सामान्य अमन जग्गी SSB 43 बटालियन सी कम्पनी अलीगढवा।

5.आरक्षी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6 शक्ति दीदी, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के तहत थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के राप्तीपुल घाट पर जाकर बालिकाओं/महिलाओं को सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं व महिला अपराध के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 14/11/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र प्रताप चतुर्वेदी थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मिशन शक्ति/जनचौपाल व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में राप्तीपुल घाट पर जाकर बालिकाओं /महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला2 सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर -

1 ,उ0 नि0 राजेंद्र सिंह पुल

2, हे 0का 0 विनोद तिवारी

3 म0क0 गीतांजलि

4,क0 सुरज

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना भवानीगंज कम्यूनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के श्री राम इंटर कॉलेज भवानीगंज में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया बच्चों को यातायात नियमों एवं सेल्फ डिफेंस के बारे में जानकारी दी गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक-14.11.2026 को थाना भवानीगंज,जनपद सिद्धार्थनगर के श्री राम इंटर कॉलेज भवानीगंजजनपद सिद्धार्थनगर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।प्रधानाचार्य महोदय , से संवाद कर मानक के अनुरूप बच्चों के आने-जाने हेतु यातायात नियमों एवं निर्देशों से अवगत कराया गया तथा बच्चों को सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया गया।आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का नंबर भी प्रदान किया गया ।प्रधानाचार्य व अन्य अध्यापकगणों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीम

1.का0 राजमणि

2.का0 रवि जायसवाल

3.कां0 राघवेंद्र त्रिपाठी

4.म0 का0 कालिंदी मौर्य

5.म0कां0 उर्मिला

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा बी0 आर0 डी0 मेमोरियल पब्लिक स्कूल कठेला पठानडीह में बाल दिवस के अवसर पर बालक/बालिकाओं व अध्यापक/अध्यापिकाओं को मिशन शक्ति अभियान व साइबर सुरक्षा के सम्बंध में जागरूक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व नरायन लाल श्रीवास्तव थानाध्यक्ष थाना कठेला समय माता के नेतृत्व में आज दिनांक 14.11.2026 को "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0 "/ मिशन शक्ति फेज 6 द्वितीय चरण के तहत उदघोष नारी सुरक्षा,नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन मिशन के तहत बी0 आर0 डी0 मेमोरियल पब्लिक स्कूल कठेला पठानडीह थाना -कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर मे मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण का "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान " उदघोष नारी सुरक्षा,नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन के तहत बालिकाओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित एकत्रित महिलाओं की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के सामने एक नयी मिशाल बनाकर पेश करने हेतु जागरूक किया गया जिसमें स्कूल के लगभग 55 बालक बालिकाएं व अध्यापक, अध्यापिकाएं उपस्थित रहे जिनके द्वारा इस कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे आत्म विश्वास को मजबूत करते है तथा हमें अपने जीवन मे मजबूती के साथ सशक्त एवं निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। सार्वजनिक स्थलो जैसे चौराहो/बाजारो/कोचिंग संस्थान व को असमाजिक तत्वो व शोहदों/मनचलों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी/अभ्रदता/अश्लील प्रदर्शन व टिप्पणिओ कि घटना से बचने हेतु सभी को शासन द्वारा जारी महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन जैसे 1090 वुमेन पावर हेल्पलाइन/ यू0पी0 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन/ 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/ 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन/ 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन / 102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए)/ 101 अग्निशमन हेल्पलाइन/ 1930 साइबर हेल्पलाइन/ 14567 एल्डर हेल्पलाइन/ 9454458050 थाने का सीयूजी नंबर / 9454408325 सीयूजी नंबर मिशन शक्ति केन्द्र से सम्बन्धित सेवाओं व बृहद स्तर पर चलाये जा रहा "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान " सम्बन्धी अभियान के तहत शून्य एफआईआर' (Zero FIR) की अवधारणा, E-FIR, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्राविधान(कवच परियोजना), नये अपराध, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्राविधानों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया एंव हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं से संबंधित पैम्फलेट भी वितरित किए गये।

इस दौरान उ0नि0 शिवशंकर शर्मा, उ0नि0 नागेन्द्र प्रसाद यादव, म0का0 प्रिया , म0का0 शिमलू देवी आदि अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर कम्यूनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम डोकम अमया में गोष्ठी का आयोजन कर वरिष्ठ नागरिको को विभिन्न लाभकारी योजनाओं एवं साइबर अपराध के सम्बंध मे जागरूक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना त्रिलोकपुर के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 14.11.2026 को थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम डोकम अमया मे जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान बुजुर्ग नागरिक ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगो/ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर-

उ0नि0 अमरनाथ

का 0 लालबाबू निषाद

म0का0 मनीषा सिंह

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना इटवा कम्यूनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम डबरा में गोष्ठी का आयोजन कर नशामुक्ति एवं साइबर अपराध जागरूकता के सम्बंध मे जानकारी दी गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 14.11.2026 को थानाक्षेत्र के ग्राम डबरा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीपीयू के अंतर्गत नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। महिलाओं को नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के सम्बन्ध में अवगत किया गया तथा उन्हें साइबर हेल्पलाइन नं 1930 के बारे में भी बताया गया।आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का नंबर भी प्रदान किया गया।लोगों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

सी.पी.यू. टीम का विवरण-

का0संजीव कुमार

का0 रुद्र प्रताप नायक

म0का0रविता यादव

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 शक्ति दीदी, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के तहत थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के अल जमीतुल इस्लामिया तिलकहना में बालिकाओं को सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं व महिला अपराध के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 14/11/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष मोहाना जितेन्द्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मिशन शक्ति/जनचौपाल व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में अल जमीतुल इस्लामिया तिलकहना की बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला2 सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर -

1. हेड कांस्टेबल विनोद भारती

2.का0मनीष सिंह

3.म0का0अंजू वर्मा

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जनपदीय पुलिस द्वारा छठपूजा के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले छठ घाट का निरीक्षण किया गया तथा जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त/चेकिंग किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 14.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा त्यौहार छठपूजा के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले छठ घाट का निरीक्षण किया गया तथा जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले छठ घाट का निरीक्षण कर आसपास पानी की गहराई का आकलन करवाकर गहरे पानी वाले क्षेत्रों में बांस का घेराव, आवागमन के मार्गो, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था इत्यादि का गहन निरीक्षण किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 14-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆छठ पर्व के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थानाध्यक्ष कठेला समयमाता के साथ थाना क्षेत्र के छठ घाट का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा कस्बा कठेला समयमाता में पैदल गश्त किया गया।

त्यौहार छठ पूजा के दृष्टिगत छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के सुरक्षार्थ व कानून-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 14.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा नरायन लाल श्रीवास्तव थानाध्यक्ष कठेला समयमाता के साथ थानाक्षेत्र में छठ घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर छठ घाट के आसपास गहरे पानीवाले क्षेत्रों में बांस का घेराव, आवागमन के मार्गो, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था इत्यादि का गहन निरीक्षण किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा कस्बा कठेला समयमाता में पैदल गश्त किया गया।